आरा मिल पर वन विभाग की कार्रवाई

जब्त इमारती लकड़ी के वैध दस्तावेज मौके पर नहीं मिले, सोमवार तक जमा कर सकते हैं कागज

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. अवैध वन उपज के कारोबार पर शिकंजा कसने की दिशा में दक्षिण वन मंडल ने रविशंकर वार्ड मोतीनगर तिराहा के पीछे संचालित एक आरा मिल पर छापामार कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने 11 नग इमारती लकड़ी जब्त की है.

प्रारंभिक जांच में संबंधित लकड़ी के वैध दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते विभाग ने लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. विभाग ने मिल संचालकों को सोमवार तक सभी वैध अभिलेख प्रस्तुत करने का अवसर दिया है. वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मुखबिर तंत्र से सूचना मिली थी कि संबंधित आरा मिल में संदिग्ध परिस्थितियों में सागौन सहित अन्य इमारती लकड़ी का भंडारण किया गया है.दक्षिण वन मंडल के सागर रेंज के रेंजर लखन सिंह के नेतृत्व में वन अमले ने मिल परिसर में निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान परिसर में विभिन्न प्रकार की लकड़ियां मिलीं. जांच के दौरान 11 नग सटकटा प्रजाति की इमारती लकड़ी के संबंध में दस्तावेज तत्काल उपलब्ध नहीं कराए जा सके. वन विभाग ने उक्त लकड़ी को जब्त कर पंचनामा तैयार किया. अधिकारियों का कहना है कि वन उपज का परिवहन अथवा भंडारण बिना वैध अनुमति और अभिलेखों के नहीं किया जा सकता है.

पूछताछ के दौरान आरा मिल संचालकों देवेंद्र साहू और संतोष साहू ने वन अमले को बताया कि जब्त की गई लकड़ी चकराघाट स्थित एक मंदिर की है और उसे निर्माण कार्य के लिए मिल परिसर में रखा गया था. हालांकि मौके पर कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया. इसी कारण विभाग ने दावा स्वीकार करने के बजाय दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. वन विभाग ने संबंधित पक्ष को सोमवार तक सभी अभिलेख प्रस्तुत करने का समय दिया है. विभाग का कहना है कि दस्तावेजों की विस्तृत जांच के बाद ही यह तय होगा कि लकड़ी का स्रोत और भंडारण वैध है या नहीं. यदि जांच में दस्तावेज फर्जी, अपूर्ण अथवा नियमों के विपरीत पाए जाते हैं तो वन अधिनियम के तहत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

ट्रेन से गिरे अज्ञात युवक की शिनाख्त नहीं

सागर. सानौधा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर-जबलपुर रेलखंड पर गिरवर रेलवे स्टेशन के समीप 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला. सूचना मिलने पर सानौधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक किसी चलती ट्रेन से गिर गया होगा. पुलिस के अनुसार गिरवर रेलवे स्टेशन मास्टर ने सानौधा थाना पुलिस को सूचना दी कि गिरवर और लिधौरा रेलवे स्टेशन के बीच डाउन रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है. डाउन मेमो ट्रेन के गार्ड ने प्रारंभिक जानकारी में बताया कि युवक संभवत: चलती ट्रेन से नीचे गिर गया था. पुलिस ने मौके का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया. मृतक की तलाशी के दौरान उसकी जेब से मुंबई से गोरखपुर तक का रेलवे यात्रा टिकट बरामद हुआ.

लायंस क्लब डायमंड अध्यक्ष बने देवेंद्र

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. लायंस इंटरनेशनल के लायंस क्लब सागर डायमंड कार्यकारिणी का 17 वां संस्थापन समारोह तिलकगंज में संपन्न हुआ.

जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष लायन देवेंद्र जैन, सचिव आकाश जैन, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद को शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में भोपाल से आए मुख्य अतिथि शपथ विधि अधिकारी लायन कमल भंडारी एवं ला डॉ आरती शर्मा, चेयरपर्सन ला मनीष नायक की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ. संस्थापन अधिकारी श्री भंडारी ने कहा कि क्लब में नए मेंबर को जोड़े सदस्यता वृद्धि हमारा उद्देश्य है. कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष शकुंतला जैन एवं पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन का सम्मान करते हुए रीजन चेयरपर्सन ला आरती शर्मा ने बताया कि किसी भी संस्था को चलाने के लिए प्राथमिक कार्य आवश्यक है. क्लब के कार्यों प्रेरित होकर तीन नए सदस्यों सपन जैन,ऋचा जैन एवं डॉ संदीप ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की, डॉ आरती शर्मा द्वारा शपथ दिलाई गई. नव नियुक्त अध्यक्ष लायन श्री जैन स्वस्थ समाज सशक्त समाज की थीम को लेकर सभी सदस्यों के साथ एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर कर समाज में अपना योगदान प्रदान करेगें. संचालन ला मुकेश जैन ने किया. इस दौरान रामलखन यादव, गुलजारी लाल, महेश प्रकाश, सुनील सागर, एमके जैन, अनिल दिवाकर, जिनेंद्र, शरद, अलका, वंदना, सरिता सोमिता सहित सभी सदस्य उपस्थित थे. आभार ला. नीरज जैन ने व्यक्त किया.

नवीन विवि की ईसी में डीन बने

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. रानी अवंतीबाई लोधी विवि में चार संकायाध्यक्षों को विवि की कार्य पारिषद के सदस्य नामित किया है.

राज्यपाल के उपसचिव द्वारा जारी पत्र के माध्यम से विभिन्न संकायाध्यक्षों में से विज्ञान संकाय के डीन डॉ. आलोक कुमार जैन ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह, जीवविज्ञान संकाय की डीन डॉ. गोपा जैन शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कला संकाय डीन डॉ. विनय कुमार शर्मा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, और वाणिज्य संकाय के डीन डॉ. सुभाष कुमार अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह को कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है. इस अवसर पर कुलगुरू प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्य परिषद में संकाय अध्यक्ष श्रेणी से सदस्यों को नामित किए जाने से कार्य परिषद में अकादमिक प्रतिनिधित्व बढ़ेगा जिससे विवि के प्रशासनिक और अकादमिक विकास को मजबूती मिलेगी तथा विवि नए सोपानों को पूर्ण करेगा.

कलश यात्रा निकली

सागर. कच्छ कडवा पाटीदार समाज द्वारा पटकुई वरारू में 25 जुलाई तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन मौनी महाराज कबूला पुल मंदिर के सानिध्य में किया जा रहा है. कलश यात्रा कबूला पुल से शुरू होकर कैंट अस्पताल, शास्त्री चौक, शिवाजी चौक, मुहाल नंबर 1, कछियाना मोहल्ला से होते हुए बस द्वारा कथा स्थल कुबेर वाटिका में संपन्न हुई. कथा और यज्ञ मुख्य यजमान दिनेश, पुष्पा शुक्ला ने बताया कि यज्ञ आचार्य पंडित रामकुमार खमरिया और चंद्र भूषण तिवारी होंगे. इसके अलावा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 25 जुलाई तक होगा.

रुद्र महायज्ञ को लेकर समितियों का गठन

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. मकरोनिया स्थित वैदिक वाटिका में बैठक आयोजित की गई.

बैठक में 21 अगस्त को कलश यात्रा तथा 22, 23, 24, 25 और 26 अगस्त तक पंचम रुद्र महायज्ञ एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई. संत केशव गिरी महाराज ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि अनेक जन्मों के पुण्य उदय होने पर मनुष्य जन्म मिलता है. सैकड़ों जन्मों के पुण्य के बाद भारत भूमि में जन्म का सौभाग्य प्राप्त होता है और हजारों वर्षों के पुण्य उदय के बाद भगवान शिव की पूजा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का अवसर मिलता है. सांसद डॉ. लता वानखेड़े एवं गुड्डू वानखेड़े ने संत केशव गिरी महाराज का सम्मान किया. बैठक में 22 विभिन्न संचालन समितियों का गठन किया गया. इस दौरान नीरज चतुर्वेदी, सुखदेव मिश्र, हरिराम सिंह ठाकुर, शैलेश केशरवानी, उत्तम सिंह, राजकुमार पचौरी, राजा रिछारिया, चेतराम अहिरवार, निकेश गुप्ता, श्रीमती संध्या भार्गव, विद्यासागर उपाध्याय, लोकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. अंबेडकर वार्ड स्थित बीजासेन कॉलोनी के रहवासियों ने विधायक शैलेंद्र जैन को कॉलोनी की सड़क निर्माण संबंधी समस्या से अवगत कराया.

इस दौरान रहवासियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कॉलोनी की सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों एवं बुजुर्गों को प्रतिदिन आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. रहवासियों ने बताया कि बारिश के मौसम में सड़क पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. उन्होंने क्षेत्र की समस्या के स्थायी समाधान के लिए शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की है.

एक नजर में

रेस्क्यू किए सर्प को सुरक्षित अभयारण्य पहुंचाया

सागर. शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रेस्क्यू टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से पकड़े गए सर्पों को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की कार्यवाही की गई. रेस्क्यू दल के पास अभयारण्य तक सर्पों को सुरक्षित पहुंचाने के लिए वाहन उपलब्ध नहीं था. इस जानकारी पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तत्काल वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. सभी सर्पो को सुरक्षित रूप से अभयारण्य तक पहुंचाया जा सका. रेस्क्यू दल ने वाहन की सहायता से पकड़े गए सर्पों को वन विभाग के सहयोग से प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित छोड़ दिया.

कबूला पुल से निकली शोभायात्रा में हुए शामिल

सागर. श्री राधे कृष्ण सत्संग परिवार द्वारा ग्राम पटकुई में 25 जुलाई तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर सदर स्थित कबूला पुल से कथा स्थल ग्राम पटकुई तक शोभायात्रा निकाली गई. इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी कांग्रेसजनों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए. उन्होंने कथा व्यास परमहंस परिव्राजकाचार्य आत्मानंद सरस्वती महाराज एवं मोनी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर राकेश राय, रवि उमाहिया, शरद राजा सेन, पुरुषोत्तम शिल्पी,कोमल सिंह लोधी, इंजी .सत्यम सिंह आदि शामिल हुए.

विहिप के पदाधिकारी पहुंचे अस्पताल

ललितपुर. अटल आवासीय विद्यालय, धौर्रा में बच्चों की तबीयत बिगड़ने की घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर भर्ती बच्चों का हाल-चाल जाना. संगठन के पदाधिकारियों ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की आवश्यकता बताई. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के संगठन मंत्री अमनजी, जिला प्रसार प्रमुख डग्गी राजा, जिला संयोजक संजू, जिला बलोपासना प्रमुख सौरभ, जिला सह सुरक्षा प्रमुख अंशुल, प्रखंड सह संयोजक सौरभ रजक, नगर संयोजक विनीत तिवारी, नगर विद्यार्थी प्रमुख मोहित रैकवार, दीपक कुशवाहा मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का मुनि दीक्षा दिवस में मनाया गया.

मुनिश्री उद्यम सागर महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का संपूर्ण जीवन त्याग, तप और परोपकार की अद्वितीय मिसाल रहा है. उन्होंने बताया कि आचार्य श्री के मन में जीवनभर किसी से कोई वस्तु ग्रहण करने का भाव नहीं रहा, किंतु उन्होंने अपने महान कार्यों के माध्यम से समस्त समाज को अनगिनत उपकार प्रदान किए. मुनि श्री हीरकसागर महाराज ने कहा कि आचार्य श्री का सबसे बड़ा उपकार यह है कि उन्होंने असंख्य जिज्ञासुओं को मोक्षमार्ग से जोड़ा और आत्मकल्याण का मार्ग दिखाया. मुनिश्री गरिष्ठसागर महाराज ने कहा कि गुरु के उपकारों को कभी विस्मृत नहीं करना चाहिए. उन्होंने कहा कि गुरु से जुड़े संस्मरण और उनकी शिक्षाएँ जीवनभर हमारी स्मृति में बनी रहें, यही सच्ची विनयांजलि है. मुनिश्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि मुनि दीक्षा दिवस जैसे पावन अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कोई न कोई श्रेष्ठ नियम या संकल्प अवश्य ग्रहण करें.

20 प्रहरी हुए पदोन्नत

सागर. केन्द्रीय जेल में कार्यरत 20 प्रहरियों को मुख्य प्रहरी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई. जेल के उद्योग परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में रमेशचन्द्र आर्य, अधीक्षक, केन्द्रीय जेल द्वारा सभी चयनित प्रहरियों को पदोन्नति पत्र सौंपे गए. कार्यक्रम में मनोज मिश्रा कार्यवाहक उप जेल अधीक्षक, श्रीमती गीता राठौड़, पंकज कुशवाह, सौरभ सिंह, अमित रघुवंशी उपस्थित रहे. पदोन्नत कर्मचारियों में मुंशीलाल सैमिल, हजारीलाल राय, बनवारीलाल कुशवाह, विनोद दवे, इन्द्रपाल सिंह गौर, संजय पाराशर, अभयकांत, महेंद्र पांडे, उमेश कुर्मी, आनंद द्विवेदी, हरिकिशन अहिरवार, रूप सिंह गौड़, मगनलाल पटेल, उमेश नामदेव, उमेश मिश्रा, सुरेश गौतम, बालकृष्ण चढ़ार शामिल हैं.

विचार से तकनीक का उदय और तकनीक से नए विचार लेखांकन के विकास का आधार

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के भारतीय लेखांकन परिषद की शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है.

सत्र के आरंभ में प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलपति जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर ने कहा कि विचार से तकनीक का उदय हुआ, और तकनीक से विचारों को नए परिप्रेक्ष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेखांकन और कराधान को व्यवस्थित किया जा रहा है.

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर ने की. डॉ. कनीज फातिमा सदरीवाला ने कहा कि जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेखांकन एवं वित्तीय रिपोर्टिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन ला रहा है. इस सत्र में विषय पर भारतीय लेखांकन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, त्रिवेंद्रम से जुड़े प्रोफेसर साइमन थटिल ने लेखांकन परिषद की प्रगति और क्रियाशीलता की प्रशंसा करते हुए सागर शाखा की अकादमिक भागीदारी की सराहना की. इस अवसर पर सागर शाखा के सदस्य एवं पदाधिकारी प्रोफेसर जेके जैन, कार्यकारी सदस्य डॉ. रूपाली सैनी तथा समन्वयक सहयोगी डॉ. सारांश श्रीवास्तव, भविता जैन, तनुल जैन, पूजा जैन, रीक्षा जैन को बधाई दी गई. इस सत्र में स्वागत भाषण प्रो. जेके जैन द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रूपाली सैनी द्वारा किया गया. तीसरे सत्र में बेंगलुरु से प्रोफेसर केए, उदयपुर से प्रोफेसर जी.सोरल, अहमदाबाद से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मीणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, जोधपुर से प्रो. कृष्ण अवतार गोयल शामिल हुए.

सवा लाख पौधों का रोपण किया गया

नवभारत न्यूज

खुरई 19 जुलाई. पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1.20 लाख वृक्षों का पौधारोपण कार्यक्रम हुआ.

खुरई नगर पालिका के साथ मालथौन, बांदरी, बरोदिया कलां नगर परिषद क्षेत्रों तथा खुरई व मालथौन जनपद पंचायतों की सभी ग्राम पंचायतों के साथ सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सरकारी विभागों में पूरे उत्साह और पूरी तैयारी के साथ वृहद वृक्षारोपण करते हुए खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ही दिन में एक लाख से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प पूरा कर गत वर्ष के कीर्तिमान से आगे बढ़ते हुए वृक्षारोपण का नया रिकार्ड बनाया गया. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जनसहभागिता से वृक्षारोपण के संकल्प को जनअभियान बनाते हुए खुरई की जनता ने ग्रीन खुरई क्लीन खुरई बनाने के प्रति प्रतिबद्धता सिद्ध की. आवासीय कालोनी प्रांगण में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं से वृक्षारोपण और पर्यावरण के महत्व पर संवाद किया. श्री सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ही दिन में 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य, स्वच्छ पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का महाअभियान है. श्री सिंह ने 20 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी के तहत विभिन्न स्थानों पर आयोजित नशा विरोधी रैलियों में शामिल होने की अपील की. कार्यक्रम को नीतिराज पटेल, बलराम यादव व रश्मि सोनी ने संबोधित किया. संचालन अजीत सिंह अजमानी, आभार नपा अध्यक्ष श्रीमती नन्हीं बाई अहिरवार ने व्यक्त किया.

पेंशनर ने जताया आभार

सागर. प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री अध्यक्ष हरिओम पाण्डेय ने पेंशनरों को देय मंहगाई राहत मामले में दोनों राज्यों म.प्र. छ.ग. की आपसी सहमति की अनिवार्यता समाप्ति के निर्णय पर वित्त मंत्री जगदीश देवडा का आभार माना है. पिछले दिनों वित्त मंत्री एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के सार्थक चर्चा के सुखद परिणाम से प्रदेश भर के पेंशनरों में खुशी है और उम्मीद है कि अब हमें केन्द्रीय तिथि से देय मंहगाई राहत प्राप्त होने लगेगी. महामंत्री श्री पाण्डेय का कहना है कि एसोसिएशन विगत कई वर्षों से निरंतर धरना प्रदर्शन, ज्ञापनों के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित कराता रहा है. देर से ही सही परिणाम सार्थक रहा उन्होनें उम्मीद जताई कि पेंशनरों की चिकित्सा सुविधा सहित अन्य मांगों पर भी सरकार पेंशनरों के प्रति सहानुभूतिपूर्वक ध्यान देगी.

प्लेटफॉर्म-ट्रेन के बीच गिरी महिला

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी हावड़ा-इंदौर एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक महिला यात्री का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में जा गिरी.

यात्रियों की सतर्कता और समय रहते की गई चेन पुलिंग के कारण ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया, जिससे महिला की जान बच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन संख्या 22912 हावड़ा-इंदौर एक्सप्रेस सागर रेलवे स्टेशन से रवाना होने ही वाली थी. इसी दौरान एक महिला यात्री जल्दी में दौड़ते हुए ट्रेन तक पहुंची और चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगी. जैसे ही उसने कोच के पायदान पर पैर रखा, उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह सीधे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई. ट्रेन में सवार एक यात्री ने तत्काल चेन पुलिंग कर दी, जिससे ट्रेन कुछ ही दूरी पर रुक गई. यदि ट्रेन ने गति पकड़ ली होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. सूचना मिलते ही सरकारी रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बलके जवान मौके पर पहुंचे. यात्रियों की मदद से महिला को सावधानीपूर्वक ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला गया. महिला को बाहर निकालने की पूरी प्रक्रिया के दौरान ट्रेन लगभग 15 मिनट तक प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही. प्राथमिक जांच,आवश्यक औपचारिकताओं के बाद महिला को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी स्थिति में चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें. थोड़ी-सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है.

जैन स्कूल में हुआ पौधारोपण

नवभारत न्यूज

सागर 19 जुलाई. जैन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में परिसर में पौधारोपण किया गया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमंत सेठ उदयचंद जैन ने की. इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, सचिव डॉ केके सराफ, सह सचिव विमल जैन, डॉ अरुण सराफ, डॉ अरुण सिंघई एवं अनिल जैन एवं एड. अरविंद जैन उपस्थित रहे. प्राचार्य रजनीश जैन ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी. मंचासीन अतिथियों के साथ स्कल शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं तथा एनसीसी कैड्टस ने पौधारोपण किया. अध्यक्षीय भाषण में श्री जैन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने पर जोर दिया. कार्यक्रम में प्राचार्य पवन जैन ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर नितिन तिवारी, वैशाली अग्रवाल, एसके पांडे, प्रतिभा जैन, अनामिका तिवारी सहित स्टाफ मौजूद रहा.

स्कूली बैग में नागिन

रहली. चांदपुर प्राथमिक स्कूल में सुबह उस समय अफरा तफरी हो गई जब अकस्मात एक बच्चे के बैग से काली नागिन निकली और परिसर में दौड़ने लगी. स्कूल में भगदड़ मच गई. स्कूल में ही पदस्थ शिक्षक अभय यादव ने सूझ-बूझ से काम लिया. बच्चों को हटाया फिर एक प्लास्टिक बरनी में बंद कर उसको बाहन से दूर जंगल में छुडवाया गया. लगभग 2 फुट लंबी नागिन की दौड़ने की रफ्तार इतनी तेज थी जिसे पकड़ना तो दूर देखना पाना भी मुश्किल हो रहा था. इसी कारण पहले बच्चों को परिसर से दूर किया गया और फिर एक लाठी के सहारे नागिन को दबाकर बरनी में बंद किया गया.

ठेकेदार-सुपरवाइजर, एजेंसी पर एफआईआर

नवभारत न्यूज

ललितपुर 19 जुलाई. धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में दूषित भोजन खाने से 49 छात्र-छात्राओं के बीमार होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भोजन आपूर्ति करने वाली फर्म, उसके प्रबंधक, सुपरवाइजर तथा सफाई व्यवस्था संभाल रही एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

आरोप है कि फर्म के सुपरवाइजर जयसिंह कुशवाहा द्वारा खाद्य सामग्री एवं सब्जियों के रख-रखाव में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे तैयार भोजन दूषित हो गया और उसे खाने के बाद 49 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई. बच्चों को पेट दर्द, उल्टी एवं अन्य शिकायतें होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर के आधार पर मेसर्स शालू एसोसिएट के प्रबंधक ब्रजकिशोर (अयोध्या), सहयोगी फर्म मेसर्स जय अंबे फूड्स प्रोडक्ट्स, झांसी प्रबंधक सुभाष गुप्ता, सुपरवाइजर जयसिंह कुशवाहा शिवपुरी तथा मैस की साफ-सफाई का कार्य देख रही मेसर्स निर्मल फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस प्रा. लि. लखनऊ के प्रबंधक प्रवीण टंडन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि भोजन सामग्री के रख-रखाव में लापरवाही के साथ-साथ मैस परिसर की साफ-सफाई भी मानकों के अनुरूप नहीं थी. इससे संक्रमण फैलने की आशंका बनी रही और बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. विद्यालय के प्रधानाचार्य ने थाना जाखलौन में लिखित शिकायत देकर घटना के लिए संबंधित फर्मों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों को उत्तरदायी ठहराया. शिकायत में कहा गया कि खराब खाद्य सामग्री और साफ-सफाई में बरती गई लापरवाही के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी.

प्रधानाचार्य द्वारा थाना जाखलौन में दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत 707 छात्र-छात्राओं के भोजन की व्यवस्था का ठेका मेसर्स शालू एसोसिएट को दिया गया था.